आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

19.12.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा विनिर्मित प्रथम LWSCZAC (Chair Car) को महाप्रबंधक श्री वी. एम. श्रीवास्तव ने दिनांक 18.12.2019 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रथम निर्मित वातानुकुलित चेयर कार से आरेडिका ने विकास की श्रृंखला को बढ़ाते हुए नया आयाम स्थापित किया है।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना द्वारा प्रथम निर्मित (LWSCZAC) चेयर कार कोच में 78 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। कोच को आकर्षक रंगों के ग्रनुलर जेल कोटेड आंतरिक पैनलिंग के साथ डिजाईन किया गया है। इसके अतिरिक्त कोच में विभिन्न प्रकार की नयी विशेषताओं का समावेश किया गया है जैसे– हनी काम्ब विभाजन पैनल, आकर्षक रंग के सीट, तीन मॉड्यूलर शौचालय जिसमें एक इंडियन एवं दो वेर्स्टन है, पॉलिकार्बोनेट के लगेज रेक, फायर स्मोक डिटेक्शन एंड अलार्म सिस्टम उर्जा कुशल एलईडी प्रकाश की व्यवस्था एवं संशोधित पेंट्री है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई अनूप कुमार, सीएओ आलोक कुमार, पीएफए आर. के. मनोचा, सीपीई ए. के. सिंह संग सभी वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

19/12/19

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी